**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर में मेयो कॉलेज एलुमनाई आर्टिस्ट्स (एमएए) द्वारा होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में आयोजित आर्ट एग्जीबिशन को लेकर जयपुर के कला प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। एग्जीबिशन में मेयो के पूर्व छात्रों सहित जयपुर के कला प्रेमी शिरकत रहे हैं। एग्जीबिशन के आयोजक मेयो के पूर्व छात्र दुष्यंत सिंह नायला और हेमेन्द्र सिंह वेदसा ने बताया कि एग्जीबिशन को लेकर काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस दौरान कई कलाकारों की पेंटिंग्स की बिक्री भी हुई है। एग्जीबिशन में 24 आर्टिस्ट्स की वॉटर कलर, पेन एंड इंक, एक्रेलिक ऑन कैनवास, एम्ब्रोईडरी ऑन कैनवास, चारकोल, मिक्सड मीडिया, ऑयल सहित विभिन्न शैलियों में 125 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया जा रहा है और यह एग्जीबिशन 21 मार्च तक लगाई जाएगी। एग्जीबिशन का आयोजन मेयो कॉलेज के पूर्व अध्यापक, स्वर्गीय रमेश माथुर की स्मृति में किया गया है।

हेमेन्द्र सिंह वेदसा ने बताया कि इस एग्जीबिशन में खास यह है कि इसमें पिता-पुत्र की जोड़ियों की कला का प्रदर्शन एक ही मंच पर हो रहा है। उनके पुत्र करणी सिंह वेदसा ने भी अपना आर्टवर्क एग्जीबिशन में शोकेस किया है। वहीं दुष्यंत सिंह नायला और उनके पुत्र त्रिविक्रम सिंह नायला की पेंटिंग्स भी एग्जीबिशन में प्रदर्शित हो रही हैं। इसी प्रकार स्वर्गीय रमेश माथुर और उनकी पुत्री राखी शर्मा माथुर की पेंटिंग्स भी इस एग्जीबिशन का हिस्सा हैं। वेदसा ने आगे बताया कि इस एग्जीबिशन में सबसे वरिष्ठ कलाकार, 1961 बैच के स्वर्गीय रमेश माथुर और सबसे युवा कलाकार 2022 बैच के मालदेव सिंह हैं।

एग्जीबिशन में कलाकार नताशा बिश्नोई की पेंटिंग्स प्रकृति और वन्य जीवन से प्रेरित हैं; डूडल आर्टिस्ट, हर्षि अग्रवाल का पेन और इंक के माध्यम से तैयार डूडल आर्टवर्क जानवरों के प्रति प्रेम को दर्शाता है, तो वहीं एग्जीबिशन में कलाकार हेमेंद्र सिंह वेदसा की डूंगरपुर/मेवाड़ शैली में चारकोल और ग्रेफाइट के माध्यम से बनाई गई मिनिएचर पेंटिंग्स; अपने किचन गार्डन से प्रेरित होकर प्रकृति के विवरणों को दर्शाती कलाकार रोहिणी सिंह की पेंटिंग्स और विधिता सिंह की ऑटोमोटिव विषय पर आधारित पेंटिंग्स शामिल हैं। इसी प्रकार कलाकार उज्जवला भादू की पेंटिंग्स में वुमेन सीरीज और नारीवाद का सुंदर चित्रण है। कात्यायनी सिंह वाघेला द्वारा कैनवास पर एम्ब्रोएडरी और क्रोशे ऑन पेपर के माध्यम से बनाई भगवान कृष्ण सहित कई प्रकार की पेंटिंग्स प्रदर्शित की जा रही हैं। वहीं कलाकार योगेश अदकाइन की पेंटिंग्स अनटोल्ड स्टोरी विषय पर आधारित हैं। एग्जीबिशन में कई तरह की विचारोत्तेजक कलाकृतियां कला प्रेमियों को सुखद एहसास कराती हैं। इन पेंटिंग्स में कलाकारों की अनूठी शैली, तकनीक और प्रेरणा का अद्भुत प्रदर्शन है।

# वकीलों ने की प्रमुख विधि सचिव से वार्ता

■ प्रोटेक्शन बिल में संशोधन के लिये वकील मिले, विधि सचिव ने वकीलों को संशोधन करवाये जाने का आश्वासन दिया

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल-2023 में संशोधन के लिए शनिवार को वकीलों की संघर्ष समिति के पांचों मुख्य संयोजकों कमल किशोर शर्मा, रणजीत जोशी, महेन्द्र शांडिल्य, रवि भंसाली व विवेक शर्मा ने प्रमुख विधि सचिव ज्ञान प्रकाश गुप्ता से मिलकर वार्ता की। इस दौरान बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन घनश्याम सिंह राठौड़ और अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ. विभूति भूषण शर्मा भी शामिल हुए। वकीलों के प्रतिनिधि दल ने प्रमुख विधि सचिव से कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल में वकीलों के पक्ष में संशोधन कराया जाए। इस पर विधि सचिव ने वकीलों को संशोधन करवाए जाने का आश्वासन दिया।

दरअसल वकील राज्य सरकार की ओर से 15 मार्च को विधानसभा में पेश किए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल में प्रावधान किया गया है कि वकील के खिलाफ अदालत परिसर में अपराध होने पर ही उसे इस कानून का लाभ मिलेगा। वहीं धारा-9 के तहत उनके खिलाफ क्लाइंट की ओर से मुकदमा दायर करने के प्रावधान में भी वकील संशोधन चाहते हैं। वहीं अधिवक्ता के खिलाफ अपराध होने पर दोषी को मिलने वाली सजा और जुर्माने को भी वकील बढ़वाना चाहते हैं। गौरतलब है कि गत 18 फरवरी को जोधपुर में एक वकील की दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद प्रदेशभर के वकील 20 फरवरी से न्यायिक बहिष्कार पर हैं। वकीलों की मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को विधानसभा से पारित कर कानून का रूप दिया जाए। गत दिनों विधि मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में वकीलों की सरकार से वार्ता हुई थी जिसमें तय किया गया था कि 15 मार्च को बिल सदन में रखकर उसे 21 मार्च को पारित करवाया जाएगा। इसके बाद वकीलों ने बिल के कुछ प्रावधानों में संशोधन की मांग की है।

# पांच परियोजनाओं में कस्टमाइज्ड पैकेज

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 6994 करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 5 परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार को बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की चतुर्थ बैठक में मंजूर प्रस्तावों से 5415 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है।

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत चार वर्षों में कई महत्वपूर्ण नीतियां एवं कार्यक्रम लागू किए हैं।


**आम सूचना** सर्व साथरण की सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या पुराना 27 बी, नया बी-49(योजना मानचित्र अनुसार) आवसीय भूमि चक नं. 027 पश्चिममुखी वाके गोकूल बस्ती (गोकूल वाटिका)दुर्गापुरा (चैनपुरा) जिला जयपुर 310 वर्गगज कौर्नर प्लॉट श्री रामगोपाल सैनी पुत्र श्री नेतराम सैनी ने उक्त प्लॉट का इकरारनामा विक्रय जरिये वसियत डॉ. चन्द्रकला पुत्री रामअवतार पाण्डे 14 फरवरी 1962 श्री रामगोपाल सैनी पुत्र श्री नेतराम सैनी को कर दिया था, आज दिनांक 18.3.2023 इस प्लॉट का विक्रय जरिये इकरारनामा विक्रय मेरे अभिभाष्य श्री रमेश कुमार सैनी पुत्र श्री गयारसी लाल सैनी को किया है इस संबंध में किसी प्रकार कि आपत्ति किसी भी व्यक्ति या संस्था को हो तो सात दिनों में आपत्ति दर्ज करवाये।
श्रवण कुमार सैनी (ऐडवोक्ट), मो नं. 9928814900

**NAME CHANGE**

I Hari Mohan Sharma s/o Jagdeesh Sharma, R/o Jalday Vibhag Ke Piche Pawan Kunj Colony, Kaman, Bharatpur, Rajasthan-321022, have changed my name to Arjun Sharma

I have changed My Name from falak Mukarram to Falak khan w/o Aseem khan for all future Purpose. R/o Plot- 1/27, Nagar Nigam Colony, Amer Road, Jaipur Rajasthan 302002

I have change my name from Manoj Kumar Bhawka to Manoj Bhawka. In furure known me Manoj Bhawka S/o Gouri Shankar Bhawka R/o 03, Prem Nagar, Jhotwara, Jaipur 302012

विवाह के बाद मेरा नाम Meenakshi Chandwani से बदलकर Meenakshi Alwani हो गया है। भविष्य में मुझे Meenakshi Alwani पत्नी Sh. Chandra Prakash Alwani के नाम से जाना जावे। पता- 25/1152, ईसाई मोहल्ला, अजमेर-305001

मेरी एलआईसी की पॉलिसी संख्या- 1220660014 में मेरा नाम बेबी डोली गुप्ता पुत्री हेमेंद्र गुप्ता है जिसे मैं बदलकर हिमानी गुप्ता पुत्री हेमेंद्र गुप्ता निवासी 9/312, मालवीय नगर, जयपुर करवाना चाहती हूं। भविष्य में इसी नाम ले जाना पहचाना जावे।

मैंने मेरा नाम गोपाल लाल पुत्र श्री फकीर चंद अग्रवाल से बदलकर गोपाल लाल अग्रवाल रख लिया भविष्य में मुझे गोपाल लाल अग्रवाल के नाम से जाना जाए। D-133, सिद्धार्थ नगर NWR Office के पीछे जगतपुरा जयपुर

मैंने मेरा नाम जिनेश जैन पुत्र दीपेश जैन से बदलकर जिनेश लोढ़ा कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- 3-त-8, जवाहर नगर, जयपुर

**NAME CHANGE**

I, Manju wife of Devinder Parkash Vijay holder of Indian Passport No. L2173724, issued at New Delhi India on 19/8/2013, my old address is T,21 a Jain Colony, Uttam Nagar, New Delhi-110059 and my new permanent resident address is 3/104, Nagar Nigam Colony, Amer Road, Jaipur-302002, Rajasthan, India changed my name from Manju to Manju Vijay, with immediate effect.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य लियाकत अली पुत्र गुलाब खान, निवासी-म.नं. 22ए, राय कॉलोनी, हसनपुरा सी, जयपुर के है, मेरे अभिभाष्य के पुत्र रईस अली व शरीफ उर्फ बालू एवं साबिर अली मेरे अभिभाष्य के कहने मे नहीं है, पिछले कई वर्षों से अलग रह रहे है, मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार करते है, इसलिए मेरे अभिभाष्य ने रईस अली व शरीफ उर्फ बालू एवं साबिर अली को उनके आचरण के कारण मेरे अभिभाष्य ने अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य मे मेरे अभिभाष्य की चल-अचल सम्पत्ति से रईस अली व शरीफ उर्फ बालू एवं साबिर अली का कोई सम्बन्ध नही रहेगा, उनसे जो कोई भी सव्यवहार व लेन-देन करेगा, उनकी स्वय की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।
भवदीय
(अब्दुल सलाम सांखला), एडवोकेट, मो. 9829184678

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सईद खान पुत्र श्री छोटे खा, आयु -71 वर्ष, निवासी-म.नं. 6 फाजिल शाह कॉलोनी चार दरवाजा बाहर, बांस बदनपुरा जयपुर राजस्थान का पुत्र सोहेल खान उनके कहे में नही है तथा आये दिन मेरे अभिभाष्य एवं उसके परिवार को झूठे मुकदमों मे फंसाने की धमकी देता है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र सोहेल खान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।यदि कोई व्यक्ति सोहेल खान से किसी प्रकार का कोईलेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।सूचित रहें।
जयपुर भवदीय
मोहम्मद साबिर कुरैशी, एडवोकेट 9828168963

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान, विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 51 /2023

चूंकि श्री भगवान दास सोरठिया पुत्र श्री चुन्नीलाल सोरठिया, निवासी 134-ए, कृष्णा सागर कॉलोनी, इस्कोन रोड डोलाई जयपुर 302020 राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री राधेजू गोपीप्रेम ट्रस्ट ,134-ए कृष्णा सागर कॉलोनी, इस्कोन रोड डोलाई जयपुर 302020 राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन -पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता हैकि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोईहो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता हैकि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोईआपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो आवेदन -पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 9.3.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.5.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आ.ए.एस)
सहायक आयुक्त देवस्थान
विभाग जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि मकान नम्बर 253 व 254 पुरोहित जी का कटला, जौहरी बाजार, जयपुर हमारे अभिभाष्य कमल जैन पंसारी पुत्र स्व. श्री नवरतनमल जी के सहस्वामित्व की संपत्ति है। उक्त संपत्ति मकान नम्बर 254 के बाहरी चौक के पश्चिमी कोने में स्थित कमरा अलमशहूर कब्बू थोबन का कमरा व अलमशहूर दुकान अमर परनामी तथा स्व. श्री सोहन लाल जी द्वारा दिनांक 28.4.1912 के व दिनांक 18.8.1903 के विक्रय पत्रों से क्रयशुदा संपत्ति को संपत्ति के अन्य सहस्वामी विक्रय करने का प्रसास कर रहे हैं जिसमें हमारे अभिभाष्य की सहमति नहीं है। कोई भी व्यक्ति उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में यदि कोई संव्यवहार करेगा तो हमारे उक्त अभिभाष्य के हितों के विरूद्ध प्रभावहीन व शून्य होगा।
(मुकेश दत्त माथुर), एडवोकेट, 9414059424


# जे.के.लोन अस्पताल के अधीक्षक डॉ.आर.के.गुप्ता का निधन

**जयपुर।** राजधानी के जेके लोन हॉस्पिटल के अधीक्षक और जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. गुप्ता का शनिवार अल सुबह एसएमएस अस्पताल में निधन हो गया। वे ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद पिछले डेढ़ महीने से एसएमएस अस्पताल के न्यूरो सर्जरी आईसीयू में भर्ती थे। डॉक्टर गुप्ता के निधन पर हेल्थ सेक्टर से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि डॉ. आर के गुप्ता को 2 फरवरी की रात को ब्रेन स्ट्रोक आया था। इसके बाद से ही उनका इलाज एसएमएस अस्पताल के न्यूरोक सर्जरी आईसीयू में चल रहा था। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनके दो ऑपरेशन भी किए थे। इसके बाद वे कोमा में चले गए थे। लंबे समय तक इलाज के बाद भी डॉ. गुप्ता को होश नहीं आया था। पिछले कुछ दिनों पहले ही उनको न्यूरोसर्जरी आईसीयू से जनरल मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया था। लंबे इलाज और डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें होश नहीं आया। डॉक्टरों के मुताबिक शनिवार सुबह साढ़े चार बजे उनका निधन हो गया।

गौरतलब है कि डॉ. गुप्ता को राज्य सरकार ने पिछले साल 30 सितम्बर को जयपुर के जेके लॉन हॉस्पिटल का अधीक्षक बनाया था। डॉ. गुप्ता सीनियर शिशु रोग विशेषज्ञ होने के साथ ही बच्चों की पेट संबंधि बीमारियों का भी ट्रीटमेंट करते थे। इसके अलावा वे एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर भी थे।

## होली स्नेह मिलन समारोह

**जयपुर।** कांग्रेस नेता विक्रम सिंह शेखावत की ओर से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनो का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील,युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक, विप्र बोर्ड के उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, पीसीसी के पूर्व महासचिव गिरिराज गर्ग, पार्षद प्रदीप तिवारी,किशन अजमेरा ,सुमित मिश्रा, पूर्व पार्षद ज्ञानचंद सैनी, बजरंग कुमावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़, कैलाश चंद शर्मा, पीसीसी के पूर्व सदस्य मोहम्मद शरीफ सहित क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेसजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ब्राह्मण महापंचायत आज विद्याधर नगर स्टेडियम में



ब्राह्मण महासभा की महापंचायत के लिए विप्र सेना प्रमुख ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

**जयपुर,** (का.सं.)। विप्रसेना के बैनर तले जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 19 मार्च को प्रातः 11 बजे से होने वाली ब्राह्मण समाज की महापंचायत की व्यवस्थाओं को लेकर आज शनिवार को विप्र सेना के पदाधिकारी और आयोजन की व्यवस्था देख रहे कार्यकर्ताओं मीटिंग हुई। विद्याधर नगर स्टेडियम में हुई मीटिंग के दौरान पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने बताया कि ब्राह्मण महापंचायत में देश के लगभग आधा दर्जन राज्यों के साथ ही प्रदेश के कोने-कोने से साढ़े चार लाख से अधिक समाज के बंधु पहुंचेंगे। महापंचायत के दौरान समाज के बंधुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भोजन, पानी, चिकित्सा और सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाऐं की गई है, इन्ही व्यवस्थाओं का आज जायजा लिया गया। उन्होंने बताया कि महापंचायत की शुरूआत देवी-देवता पूजन एवं यज्ञ से होगी, इसके बाद राष्ट्रीय गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, दीप प्रज्जवलन, वेद विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वाचन, संत महात्माओं का सम्मान, 51 विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार, ड्रान से पुष्प वर्षा, विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की 51 महिलाओं द्वारा संत महात्माओं की आरती, स्मारक डाक टिकिट का विमोचन होगा। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सांसद सी.पी. जोशी का उद्बोधन होगा साथ ही साधु संतो के आशीर्वाद वचन भी प्राप्त होंगे। कार्यक्रम का समापन 3.15 मिनट पर राष्ट्र गान के साथ होगा।

सुनील तिवाड़ी ने बताया कि महापंचायत में 1000 से अधिक कार्यकर्ता व्यवस्था सम्भालेंगे। आयोजन स्थल पर 6 ब्लॉक बनाए गए हैं, प्रत्येक ब्लॉक में 100 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जयपुर में राजमार्ग प्रवेश के छह स्थान जहाँ से विप्र बंधुओं का आगमन होगा, वहाँ भी चेकपोस्ट बनाकर व्यवस्थाएं की गई है।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय- केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 फैक्स-+91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड़, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल- sardeep.rathore@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधन/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 13.04.2023 को "ज़हां है जैसी है" "ज़ो कुछ है या है" ज़ो कुछ है वहां है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को 19.04.2021 को खाता संख्या 26691523 में बकाया रूपये 5,17,085.39/- की अब्दुल सईद, शबाना बानो, ऋणग्रहित (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी

ऑक्शन स्टेट्स

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रूपये 450,000/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये- 45000/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 12.04.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 06.04.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 13.04.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | फ्लैट नं. 203, दूसरी मंजिल, ब्लाक-ए, ऑरिक सिटी होम्स, जयसिंहपुरा, जयपुर का पुरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 252.81 वर्ग और सुपर बिल्टअप एरिया 365.94 वर्ग फिट, सीमायें हैः उत्तर : अन्य भूमि, दक्षिण : अन्य भूमि, पूर्व : रोड 9 मीटर, पश्चिम : अन्य भूमि |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फस्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC.
**अस्वीकरण-** कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक - 18-03-2023
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

# निवारू रोड पर निर्माणाधीन तीन दुकानों की छत ढही, मलबे में दबने से 5 मजदूर घायल

## हादसे की सूचना के बाद भी एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो घायलों को मजबूरन ई-रिक्शा से अस्पताल भिजवाया

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड पर शनिवार दोपहर निर्माणाधीन दुकानों की छत ढह गई। इस हादसे में मलबे में दबने से 5 मजदूर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस व सिविल डिफेंस की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। जब एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची तो ई-रिक्शा से कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। वहीं, कांवटिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक मजदूर को छुट्टी मिल गई, जबकि 4 मजदूरों को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से भी एक अन्य मजदूर को छुट्टी मिल गई है, जबकि तीन मजदूरों का इलाज चल रहा है। इनमें एक मजदूर की हालत गंभीर है।

दरअसल झोटवाड़ा पुलिया के नीचे बनी दुकानों को निवारू रोड स्थित प्रताप डेयरी के पास शिफ्ट किया गया है। यहां झोटवाड़ा निवासी मनोज सिंह चौहान की तीन दुकानें हैं। इन दुकानों के ऊपर दूसरी मंजिल की छत भराई का काम चल रहा है। शनिवार दोपहर दूसरी मंजिल की छत डाली जा रही थी, तभी अचानक छत ढह गई। धड़ाम से आई आवाज के बाद 5 मजदूर हादसे की चपेट में आ गए। सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेन्स टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य शुरू किया।

करीब आधा घंटे में सभी मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल ई-रिक्शा की मदद से कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस प्रथमदृष्टया हादसा घटिया निर्माण साम्रगी उपयोग में लेना मान रही है। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि हादसे में इंद्राज बैरवा (32) निवासी बनकाखेड़ा टोडारायसिंह जिला टोंक, जगमोहन उर्फ़ जॉनी (29) निवासी कालवाड़ रोड जयपुर, प्रदीप यादव (26) निवासी मरता जिला जमुई बिहार, दिनेश बैरवा (28) निवासी पाडली जिला सवाई माधोपुर और ओमप्रकाश घायल हो गए। इनमें से मजदूर ओमप्रकाश को कांवटिया अस्पताल और इंद्राज बैरवा को सवाई मान सिंह अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है। वहीं, मजदूर प्रदीप, जगमोहन और दिनेश बैरवा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें दिनेश बैरवा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

उधर इस हादसे ने राजधानी जयपुर की चिकित्सा व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी। हादसे के आधे-एक घंटे बाद तक मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। ऐसी स्थिति में घायलों को मजबूरन ई-रिक्शा में डालकर अस्पताल भेजना पड़ा। हालांकि बताया जा रहा है कि बाद में एंबुलेंस ने एक किलोमीटर दूर घायलों को एंबुलेंस में बैठाया। शहर के झोटवाडा इलाके में हुई इस घटना से लोगों में काफी गुस्सा नजर आया।



निवारू रोड पर निर्माणाधीन दुकानों की छत गिरने से घायल हुए मजदूरों को लेने जब एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो स्थानीय लोगों ने उन्हें ई-रिक्शा से अस्पताल भेजा।

- शनिवार को निवारू रोड पर प्रताप डेयरी के पास निर्माणाधीन तीन दुकानों की दूसरी मंजिल की छत भरते समय हुआ हादसा
- हादसे में घायल दो मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिली, जबकि 3 मजूदर अभी एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती हैं

# मंत्रालयिक कर्मचारियों का अनशन तीसरे दिन भी जारी



मंत्रालयिक कर्मचारियों ने वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवेन्द्र सिंह नरूका के नेतृत्व में शनिवार को लगातार तीसरे दिन एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन जारी रखा।

- शिक्षा विभाग में नए मंत्रालयिक पद सृजन की मांग

**जयपुर** । मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा किए जाने से आक्रोशित कार्मिकों ने एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर शनिवार को तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन जारी रहा। वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवेन्द्र सिंह नरूका के नेतृत्व में कौशल कुमार, जगदीश चंद्र मीणा, कृष्णेंदु चैटर्जी, बृजेश कटारिया क्रमिक अनशन पर बैठे।

"मंत्रालयिक एकता मंच" ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिक्षा विभाग में मांगे गए नवीन पद स्वीकृत दी जाये।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शिक्षा विभाग में सभी ग्रामीण उच्च माध्यमिक विद्यालयों को पीईईओ विद्यालय एवं शहरी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को सीआरसी विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा कर उसके परिक्षेत्र की समस्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का समस्त संस्थापन लेखा अधिकारी एवं सीआरसी विद्यालय में कर दिया है तथा इन विद्यालयों में मंत्रालयिक संवर्ग के नवीन पद सृजित नहीं किए गए हैं शिक्षा निदेशक द्वारा इसके लिए नवीन पद सृजन का प्रस्ताव भिजवाया गया था परंतु वित्त विभाग द्वारा इसे नकार दिया गया है ।

नरूका ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा द्वितीय पदोन्नित के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200 करने, एक नया पदोन्नित का पद उप निदेशक प्रशासन ग्रेड पे 8700 में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मारते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्नित के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्नित हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने, कंप्यूटर टंकण परीक्षा विभाग स्तर पर आयोजित करवाने की मांगों को मनवाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। लेकिन सरकार द्वारा इनकी निरंतर अनेक धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन एवं रैलियों के आयोजन के पश्चात भी सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही है। शनिवार को अनशनकर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, शेर सिंह यादव, छोटे लाल मीणा, बलराम गुर्जर, दिनेश सिंह भाटी, ओम प्रकाश चौधरी, महेंद्र शर्मा, अशोक भंडारी, नागेंद्र सिंह नाथावत, विनय पारीक आदि ने संबोधित किया । जब तक सरकार मांगे नहीं मान लेती, क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त

### भीलवाड़ा में करोना संक्रमित की मौत

**जयपुर** । प्रदेश में लगातार करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हो रही है। शनिवार को भी राज्य में 24 नए संक्रमित सामने आए हैं। वहीं इस बीच एक मरीज की मौत भी हुई है। प्रदेश में एक्टिव केस भी बढ़कर सौ पर पहुंच गए हैं। प्रदेश में शनिवार को नौ जिलों में 24 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 23 रोगी पाए गए थे। इधर आज सर्वाधिक 7 नए संक्रमित भीलवाड़ा में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 5, जोधपुर में 3, अलवर, बीकानर व जयपुर में 2-2 तथा अजमेर, हनुमानगढ़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। उधर, प्रदेश में शनिवार को 15 संक्रमित रिकवर हुए हैं। हालांकि राज्य में अभी भी 100 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें इनमें उदयपुर में 28, जयपुर में 19, भीलवाड़ा में 17, राजसमंद में 10, बीकानेर में 8, राजसमंद में 7, जोधपुर में 6, जालोर में 5, अजमेर 4, अलवर में 2, चूरू, हनुमानगढ़, कोटा और गंगानगर में 1-1 मामला है। प्रदेश में शनिवार को करोना से भीलवाड़ा में एक संक्रमित की मौत हो गई है। साथ ही अब तक इस बीमारी से 9557 लोगों की मौत हो चुकी है।

### नेत्रदानी परिवारों का सम्मान आज

**जयपुर, (का.सं.)**। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी द्वारा रविवार को नारायण सर्किल, टोंक रोड स्थित भट्टारकजी की नसियां में आयोजित एक समारोह मे नेत्रदानी परिवारों को अंधता निवारण में योगदान के लिए उनका अभिनन्दन किया जाएगा। समारोह में मुख्य सचिव उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ सुधीर भंडारी, तथा एसएमएस हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित एवं संबोधित करेंगे। समारोह में नेत्र दानी परिवार के सदस्य एवं लाभार्थी जन अपने अनुभव भी साझा करेंगे। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष बी.एल. शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012 में प्रारंभ राजस्थान आई बैंक सोसाइटी सेवानिवृत्त समाजसेवी लोगों द्वारा स्थापित, संचालित एवं वित्त पोषित एकमात्र बैंक है जिसने स्थापना से लेकर अब तक 242 महीनों में मृतकों की आंखों से 19 हजार 120 कोर्निया दान में प्राप्त करके अंधकार में जीवन जी रहे 12 हजार 307 लोगों के जीवन में रोशनी लाने के लिए कॉर्निया प्रत्यारोपित करवाए हैं।

### गबन मामले में नौकर गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)**। प्रताप नगर पुलिस ने 22 लाख रूपए के गबन के मामले में आरोपित नौकर को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपित ब्रह्मानंद तंवर (30) गांव सोरई थाना लक्ष्मणगढ़, अलवर का रहने वाला है। आरोपित ब्रह्मानंद परिवादी सुखविंद्र की जगतपुरा स्थित हेल्थ प्रोडक्ट की दुकान पर सेल्समेन था, जिसने मालिक की गैरमौजूदगी में करीब 22 लाख रूपए का सामान बेच दिया और रूपए अपने पेटीएम, फोनपे इत्यादि पर प्राप्त कर लिए। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित फरार हो गया था, जिसे मुखबिर की सूचना पर महात्मा गांधी अस्पताल में पिता का इलाज कराने आने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

## झोटवाड़ा में युवती की संदिग्ध मौत

**जयपुर** । झोटवाड़ा में एक युवती की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी एक युवती ने रिपोर्ट दी है कि आकाश मीणा उसकी 22 वर्षीया बहन के साथ बचपन से पढ़ता था। साल 2015 से वह शादी का झांसा देकर बहन से देहशोषण कर रहा था। घटनाक्रम के मुताबिक 10 मार्च को आकाश ने कॉल किया कि आपकी बहन की तबियत ख़राब है, उसे घर छोड़कर जा रहा हूं। इस पर महिला मौके पर पहुंची तो उसकी बहन के मुंह से झाग आ रहे थे। बहन को निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां से उसे सवाई मान सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने महिला की बहन को मृत घोषित कर दिया। आरोप है आकाश ने मृतका की अमेजॉन आईडी से कीटनाशक मंगवा खुद की दुकान पर रिसीव किया, जिसे पिलाकर युवती की हत्या की गई।

# पंजाब नेशनल बैंक ने सरकारी कॉलेज में अध्ययन सामग्री बांटी

**जयपुर, (का.सं.)**। पंजाब नेशनल बैंक जयपुर अंचल कार्यालय द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय जयपुर विद्याधर नगर में सीएसआर के तहत अध्ययन सामग्री एवं महाविद्यालय परिसर हेतु सहायक सामग्री का वितरण किया गया। पीएनबी प्रेरणा की अध्यक्ष अंजू बाजपेई एवं सदस्य कुसुम लता मीणा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियां भी दी। पीएनबी द्वारा सभी छात्राओं को मिठाई एवं उपहार वितरित किए गए। इस दौरान विद्यालय परिसर में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें 2 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा उप प्रबंधक ममता मीणा ने छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने एवं सुनहरे भविष्य का निर्माण करने हेतु बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉक्टर नीतू, डॉक्टर अनुपमा , डॉक्टर कैलाश, डॉक्टर सौरभ, डॉ. मनोज एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे।



पंजाब नेशनल बैंक जयपुर अंचल ने राजकीय कन्या महाविद्यालय जयपुर विद्याधर नगर में अध्ययन सामग्री भेंट की।

## गुलाबचंद कटारिया का सम्मान 20 को

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया का 20 मार्च को सम्मान किया जायेगा। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान अमीन खां और अनिता भदेल को दिया जायेगा।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़े सहित मंत्रीमंडल के सदस्य व विधायक मौजूद रहेंगे। पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किया था। कटारिया इस सदन के आठ बार विधायक रहे है। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधानमण्डल की भूमिका विषय पर सेमीनार होगी।

# गठिया रोग पर जयपुर में कॉफ्रेंस शुरू

**जयपुर** । ऑटोइम्यून बीमारी रूमेटॉयड आर्थराइटिस को नियंत्रित करने के लिए अब बायोलॉजिकल दवाओं का इस्तेमाल बढ़ गया है। चिकित्सा विज्ञान ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज बना ली हैं जो इस बीमारी को नियंत्रित करने में कारगर हैं। वर्ल्ड रूमेटोलॉज फोरम और इंडियन रूमेटोलॉजी एसोसिएशन की ओर से जयपुर में रूमेटोलॉजी पर शुरू हुई दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट-2023 में विशेषज्ञों ने कुछ ऐसी ही जानकारी दी।

एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. विकास अग्रवाल ने बताया कि नई दवाओं से अब रूमेटॉयड आर्थराइटिस को विकसित करने वाले प्रोटीन की सक्रियता को कम किया जा सकता है। मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज सीधे इन प्रोटीन को ब्लॉक कर देती हैं बीमारी नियंत्रित हो जाती है।

आयोजन सचिव डॉ. राहुल जैन ने बताया कि पहले दिन ट्रेनीज ने केस प्रजेंट किए। स्कॉटलैंड की डॉ. एरियर हैरिक ने स्क्लेरो डर्मा के प्रकारों के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. रमेश ने रूमेटॉयड आर्थराइटिस के इलाज में आई नई दवाओं के बारे में बताया। कॉन्फ्रेंस में 200 पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए हैं जिनमें से सबसे अच्छे पोस्टर को पुरस्कृत किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. विनोद रवींद्रन ने बताया कि वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट-2023 की थीम रूमेटॉयड आर्थराइटिस एंड सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस : द ट्रिकी टू रखा गया है जिसमें इन दोनों बीमारियों के इलाज में कुछ नए टिप्स साझा किए जा रहे हैं। इस दौरान डॉ. वेद चतुर्वेदी, डॉ. प्रशांत अकेरकर, डॉ. बीजी धर्मानंद, डॉ. अमन शर्मा ने विभिन्न सत्रों में अलग-अलग जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम से आए डॉ. क्रिस्टोफर एडवर्ड्स ने रूमेटॉयड आर्थराइटिस से जूझ रहे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने वाली जैक इन्हिबिटर ड्रग्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैक इन्हिबिटर नई तरह की दवाएं हैं जिससे रूमेटॉयड आर्थराइटिस के कारण मरीज के जोड़ों में होने वाले दर्द और सूजन को बहुत कम कर देते हैं। वहीं जिस तरह स्ट्रोक या हार्ट अटैक के बाद रिहैबिलिटेशन किया जाता है। उसी तरह रूमेटॉयड आर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण पता लगते ही प्री-हेबिलिटेशन किया जा रहा है। इसमें मरीज की फिटनेस, एक्सरसाइज, वजन कम करना, स्मोकिंग छोड़ने जैसी चीजों पर ध्यान दिया जाता है और बीमारी को आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है।



# 'सफलता पाने के लिए इनर हैल्थ पर ध्यान देना जरूरी'

**जयपुर** । बी.के. (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी ने कहा कि सुकून और शांति के साथ कामयाबी पाने के लिए इनर हेल्थ पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। स्वयं को एंपावर करके ही हम समाज को एंपावर कर सकते हैं।

सिस्टर शिवानी माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आवासन मंडल और फिक्की फ्लो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित "मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस मोटिवेशनल" कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। सकारात्मक और बेहतर सोच ही हमें कामयाबी और शांति की राह दिखा सकती है। संकल्प से सिद्धि में वह ताकत है, जिससे जो चाहते हैं वह सिद्ध हो सकता है।

सिस्टर ने कहा कि सफलता के लिए पावर ऑफ माइंड का सकारात्मक होना बेहद जरूरी है। संस्कार और सभ्यता ही बेहतर संस्कार का निर्माण कर सकती है। हम अपनी संस्कृति को बचाकर भी को बचाकर भी राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। सिस्टर शिवानी ने मौजूदा मोबाइल के सही इस्तेमाल को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल का त्याग और रात्रि को 10 बजे सोकर सुबह 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त या अमृतवेला में उठकर हम इनर हेल्थ पर ज्यादा फोकस कर सकते हैं। उन्होंने मानसिक शांति के लिए आंतरिक शांति को पाने पर भी जोर दिया। प्रमुख शासन सचिव कुलदीप रांका ने कहा कि हमने भौतिक सुविधाएं तो बहुत जुटा ली लेकिन आत्मिक गुणों में बढ़ोतरी नहीं कर पाए। इसके चलते जीवन में अशांति और तनाव में बढ़ोतरी हो रही है। हमें एक बार फिर आत्मिक गुण, संस्कार और समता की ओर लौटना होगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि एक दौर था जब हाऊसिंग बोर्ड को बंद करने की चर्चाएं होने लगी थी लेकिन कार्मिकों की ऊर्जा और सकारात्मक सोच के चलते आज मंडल ने 8500 करोड़ रुपए का टर्नओवर को हासिल कर लिया है। उन्होंने इस अवसर पर मंडल कार्मिकों की दिल खोलकर प्रशंसा भी की।

# 'राइट-टू-हैल्थ' बिल के विरोध में निजी डॉक्टर्स ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

- प्रदेश में शनिवार रात से निजी अस्पतालों में सम्पूर्ण मेडिकल बंद शुरू हुआ, चिरंजीवी और आर.जी.एच.एस. योजना का बहिष्कार किया
- रविवार व सोमवार को पूरे प्रदेश से निजी चिकित्सक जयपुर स्थित जे.एम.ए. सभागार में एकत्रित होंगे।

**जयपुर** । राज्य सरकार दो दिन बाद विधानसभा में राइट टू हैल्थ बिल को पेश करने जा रही है। वहीं इसका विरोध कर रहे विभिन्न निजी चिकित्सक व अस्पताल संगठनों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भर में निजी अस्पतालों की ओर से शनिवार रात आठ बजे से सम्पूर्ण मेडिकल बंद कर दिया गया है। साथ ही चिरंजीवी और आरजीएचएस योजना का भी बहिष्कार कर दिया है।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी राजस्थान के मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि 23 फरवरी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ ज्वाइंट एक्शन कमेटी की वार्ता हुई। इसके बावजूद भी उसकी पालना राज्य के आला अधिकारियों द्वारा नहीं की गई। इससे राज्य के समस्त निजी चिकित्सक उद्वेलित है। जॉइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. सुनील चुग ने बताया की राज्य के समस्त निजी चिकत्सक आंदोलन करने के लिए मजबूर है। सभी निजी अस्पतालों में शनिवार से चिरंजीवी और का आरजीएचएस योजना का बायकॉट शुरू करने के साथ साथ रात 8 बजे से राज्य के सभी निजी अस्पताल पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं बंद रहेंगी।

वहीं इस बिल का विरोध कर रहे निजी डॉक्टरों के दूसरे दड़े ने भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि सरकार राईट टू हैल्थ बिल को मंगलवार को सदन के पटल पर रख कर पारित कराने पर आमादा है। बिल के विरोध मे प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी व यूनाइटेड प्राईवेट क्लिनिक्स एंड हॉस्पिटल्स ऑफ राजस्थान द्वारा गठित ऑल राजस्थान प्राईवेट डॉक्टर्स संघर्ष समिति ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन का पूरे प्रदेश के समस्त संगठनों ने समर्थन किया है। पिछले दो दिन से संपूर्ण प्रदेश में चिरंजीवी व आरजीएचएस सहित सभी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जा रहा है। डॉ. कपूर ने बताया कि जयपुर सहित संपूर्ण राजस्थान में रविवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन संपूर्ण मेडिकल बंद का आव्हान किया गया है। वहीं कुछ ज़िलों में यह बंद शनिवार से ही आरंभ हो गया है। रविवार व सोमवार को पूरे राजस्थान से चिकित्सक जयपुर स्थित जे एम ए सभागार में एकत्रित होंगे।

# कर्नल अमिताभ शर्मा ने साझा किए सैन्य अनुभव

## डिफेंस जर्नलिज्म पर व्याख्यान आयोजित

**जयपुर** । जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जे.एन.यू.) के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज विभाग में डिफेंस जर्नलिज्म पर आयोजित एक विशेष व्याख्यान में राजस्थान के डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा ने सूचनाओं की सुरक्षा पर अपने अनुभव साझा किए और करियर संबंधी सवालों के जवाब दिए। खास बात यह रही कि इस व्याख्यान में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के सीडलिंग स्कूल ऑफ लॉ और होटल मैनेजमेंट सहित कई अन्य कोर्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस विशेष सत्र के बाद जेएनयू के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने अपने संदेश में कहा कि जैसे सेना देश की सुरक्षा को प्रतिबद्ध है वैसे ही मीडिया के विद्यार्थियों को भी सैन्य संबंधी सूचनाओं पर सजग रहते हुए सूचनाओं की रक्षा को समझना चाहिए।

डिफेंस जर्नलिज्म और डिफेंस आधारित फोटो जर्नलिज्म की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए डिफेंस पीआरओ ने कहा कि युद्ध सेनाएं लड़ती हैं लेकिन सूचनाओं के जरिए जनता का आत्मविश्वास कायम रखने की जिम्मेदारी मीडिया की होती है। कई मामलों में सैन्य ऑपरेशन और सूचनाओं को लाइव या बगैर सोचे समझे तुरंत जारी करना खतरनाक हो सकता है। कर्नल अमिताभ ने बताया कि मीडिया के विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता, देशभक्ति, सैन्य साहस, शौर्य, पराक्रम और बलिदान को फोटो पत्रकारिता के माध्यम से दर्शाने के सही तरीके के बारे में बताया और सवाल-जवाब के सत्र में स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों को कानूनी परिप्रेक्ष्य व प्रतिबंधों के बारे में समझाया।



डिफेंस पी.आर.ओ. अमिताभ शर्मा

## सार-समाचार

### श्री प्रेमभाया का नगर संकीर्तन निकला



**जयपुर (कासं)**। ढूंढाड़ की विरासत के रूप में चांदपोल बाजार के जय लाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में आयोजित 83 वें श्री प्रेमभाया महोत्सव में शनिवार को निकले नगर संकीर्तन के दौरान परकोटा प्रेमभाया के रंग में रंग गया। रात भर ढूंढाड़ी भजनों पर नाचते-गाते भक्तों के समूह पर लोगों ने जमकर पुष्प वर्षा की। श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से आयोजित चार दिवसीय भक्तिसंगीत समारोह में दिन में गोपीनाथ महिला मंडल और श्री प्रेमभाया महिला मंडल की गायिकाओं सहित अन्य मंडलों ने हाजिरी लगाई। पुष्प वर्षा और नृत्य की जुगलंदी के बीच शाम तक मातृ शक्ति ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। शाम को महाआरती और जयकारों के साथ युगल कुटीर से नगर संकीर्तन प्रारंभ हुआ। अत्यंत मनोहारी छवि की छटा बिखेरते श्री प्रेमभाया सरकार और युगल सरकार फूलों से सजे रथ में विराजमान थे। नगर संकीर्तन मार्ग में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री प्रेमभाया सरकार की जगह-जगह आरती उतारी। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि नगर संकीर्तन जाट के कुए का रास्ता, गोपीनाथ जी का मंदिर, नाहरगढ़ रोड, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, गोपाल जी का रास्ता, अजायबघर का रास्ता, खूटेंटों का रास्ता, खजाने वालों का रास्ता होते हुए युगल कुटीर पहुंचा। इसी के साथ 83 वां श्री प्रेमभाया महोत्सव सम्पन्न हुआ।

### 'जिले-संभागों का गठन सराहनीय'

**जयपुर** । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और जयपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल के मुख्य सचेतक रहे गिरिराज खंडेलवाल ने राज्य में नए ज़िले व संभागो के गठन को मुख्यमंत्री का एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 19 नये जिले और तीन नये संभाग का गठन कर युगांतरकारी निर्णय लिया है। इस पुर्नगठन के बाद प्रदेश में सुशासन, आधारभूत संरचना और विकास की क्रांति का नया युग शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने ब्यावर को जिला बनाने की बहुत पुरानी मांग पूरी की है तो शाहपुरा जैसे प्राचीन कस्बे को जिला बनाने का साहस दिखाया है। फलौदी, केकड़ी, दूदू, बालोतरा, नीमकाथाना, बहरोड़ -कोटपूतली, डीडवाना -कुचामन, सांचौर को भी जिला बनाया गया है। ये फैसले दिखाते हैं कि अशोक गहलोत का चिंतन प्रदेश के लिए कितना अभिनव है।

### प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना सम्मानित



प्रो. राजीव सक्सेना ( बायें )

**जयपुर (कासं)**। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल महाविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को "स्वास्थ्य कल्याण गौरव पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें विगत लगातार, अनवरत 21 वर्षों से भी ज्यादा स्वास्थ कल्याण समूह में उत्कृष्ट सेवाओं व श्रेष्ठ कार्यों के लिए दिया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें, समूह के चेयरमैन डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल व मुख्य अतिथि, भूतपूर्व डी.जी.पी. कपिल गर्ग ने पगड़ी-शॉल पहनाकर सम्मान पत्र से नवाजा।

### बाड़े में बंधी चार भैंस चोरी

**जयपुर (कासं)**। प्रताप नगर इलाके में चोर एक बाड़े में सेंधमारी कर 4 भैंस चुरा ले गए। पुलिस ने बताया जाटों की ढाणी, बुद्धिसंहपुरा निवासी रामसहाय चौधरी ने रिपोर्ट दी है कि 16 मार्च की अलसुबह 5 बजे अज्ञात चोर घर में बने बाड़े में सेंधमारी कर 4 भैंस चुरा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## International Client's Day

No matter what goods or services you sell, the truth is that your business would be nothing without its clients. No matter whether we're talking about those who visit the shopping mall every few weeks or those who prefer to make their purchases over the internet, the truth is that no business would make it without them. International Client's Day was created for the purpose of letting all of your clients know just how glad you are that they've chosen your company. So what are you waiting for? It's time to celebrate them!



#INSIGHT

# How Did Chutneys Came to the World?

The Mughal kitchens were known for their elaborate feasts, which included a wide range of chutneys.



Chutney is a savoury condiment that is commonly used in Indian cuisine. It is often made by blending together various ingredients such as herbs, spices, fruits, and vegetables to create a delicious and flavourful accompaniment to a meal.

The word 'chutney' is derived from the Hindi word 'chatni', which means to crush or grind. Chutneys were traditionally made by grinding together fruits & veggies with spices & salt using a mortar and pestle, but today they are often made using a blender or food processor. This method was used in the ancient India to preserve the fruits & veggies.

From Dosa to Cheela, Samosa and DahiBhalla, we enjoy chutney with literally all kinds of food. This condiment is also used as a dip or spread for making a variety of sandwiches. In this article, we will share with you a brief history of how this condiment came to India and some common chutney recipes. Take a look.

### History of Chutneys

The origin of 'chutney or chatni' can be traced back to ancient India, where it was an important part of the diet. This condiment was introduced to India during the Mughal era when the Mughal emperors brought with them a variety of culinary influences from their homeland in Central Asia. The Mughal kitchens were known for their elaborate feasts, which included a wide range of chutneys made with exotic ingredients such as saffron, rose petals, and dried fruits.

### Chutneys in the Past

When this method was adopted, the people of India started making chutneys with veggies and fruits by grinding them with spices & salt to preserve them spoiling. This was especially important during the monsoon season when fresh produce was scarce. Also, they were used to add flavour to bland foods as rice & lentils were the staple foods and the chutneys enhanced their taste. They were also used for flavouring meats and vegetables.

### Common Chutneys in Indian Cuisine

#### Mint Chutney

This chutney is made by blending together fresh mint leaves, coriander leaves, green chillies, ginger, garlic, lemon juice, and salt. One can enjoy this chutney with literally any dish in the world. However, people love to have with tandoori & fried dishes.

#### Tomato Chutney

Another popular chutney that's very popular in southern India is prepared by sauteing tomatoes, onions, and garlic with spices such as cumin, coriander, and chilli powder. People love to consume this chutney with South Indian foods like Dosa, Uttapam, Idli, etc, though you can enjoy it with dal rice as well.

#### Tamarind Chutney

Remember the tangy yet sweet chutney that you love consuming with DahiBhalle, Tikki, Samosa and other chaats? It's called tamarind chutney, which is made by simmering tamarind pulp with jaggery (unrefined cane sugar), dates, and spices such as cumin and coriander. It's a great chutney that's used for not only flavouring dishes but for digestive purposes as well.

#### Onion Chutney

This chutney is made by sauteing onions with spices such as cumin, mustard seeds, and red chilli powder. It is often served as a side dish with Dosas and Uttapams.



#### Coconut Chutney


Be it any part of the country, this chutney is pure love, which one can consume on its own. Often, it is made by blending together fresh coconut, green chilies, ginger, and coriander leaves with a little bit of water. It is often served with Dosas and Idlis. People also add some peanuts while grinding this chutney as it brings that unique taste.

Oddly enough the same collection also contains a superb drawing of a full-grown rhinoceros prepared by an Indian artist Gangaram Chintaman Tambat, who made many excellent drawings, paintings and clay models of people, birds, animals and landscapes for British patrons. This rhinoceros was in the menagerie of Peshwa Madhav Rao II at Pune, and the drawing contains the ruler's signature dated in November 1790. The drawing is of excellent quality, coming from an experienced painter and drawn from life.

# Rhino Painted & Made a Craft of...



Europeans hunting rhinoceros, terraotta panel on the Gangeshvara Shiva Temple at Baranagar, Murshidabad.
*Photograph: Asok Kumar Da.*



Rhino-skin shield of Raja Chandrasinhji II of Wankaner State (1787-1809)
*Courtesy M.K. Ranjitsinh.*

Asok Kumar Das
writetoarbit@rashtradoot.com

#STORY OF THE INDIAN RHINOS

**पावटा, (निसं)।** कोटपूतली के जिला बनने की घोषणा के बाद गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव के पहली बार अपने गृहक्षेत्र में लौटने पर विभिन्न स्थानों पर डीजे और गाजे-बाजे के साथ ग्रामीणों और आमजन ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान गृह राज्यमंत्री का भाबरु, बागावास, आतेला, बावडी, पावटा, प्रागपुरा, पाथरेडी के मुख्य बस स्टैंड व चौराहों पर हजारों की संख्या में आमजन ने पुष्प वर्षा कर और 51 और 101 किलो की माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान राजेंद्र यादव ने मुयमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए कहा कि कोटपूतली क्षेत्र की 70 साल पुरानी मांग को पूरी करते हुए क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित किए हैं। मंत्री यादव ने गहलोत सरकार को आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर होने की बात कहीं। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, लाडाका बास पूर्व सरपंच मदन यादव, डॉ सुरेंद्र यादव, नित्येंद्र मानव, विनोद यादव, मनोज अग्रवाल, बजरंग सिंह फतेहपुरा, रतिराम पटवारी, विकास यादव, महेंद्र यादव, संजय सैनी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवम उनकी टीम व जनप्रति निधियों व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## जनता क्लीनिक का शुभारंभ

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे में क्षेत्रीय विधायक जौहरी लाल मीणा ने बड़ा गणपति मंदिर के समीप जनता क्लीनिक का शनिवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता क्लीनिक से आसपास के मरीजों सहित अन्य रोगियों को उपचार में मदद मिलेगी।

## बहरोड़-नीमराना को जिला नहीं बनाने पर ज्ञापन दिया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** जिला बनाओ संघर्ष समिति बहरोड़-नीमराना के संयोजक बस्तीराम यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी सहित क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नागरिकों सहित क्षेत्र की जनता ने बहरोड़ नीमराना को जिला ना बनाकर राठ क्षेत्र की पहचान मिटाने के विरोध में नीमराणा कस्बे के उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर काले दिवस के रूप में विरोध प्रदर्शन किया।

एक तरफ जहां बहरोड़ नीमराना जिला बनाओ संघर्ष समिति संयोजक बस्तीराम यादव ने पांचों तहसीलों के बहरोड़, मुंडावर, बानसूर, कोटकासिम, नीमराना के सभी जनप्रतिनिधियों मेजर ओपी यादव मुंडावर, शकुंतला रावत बानसूर तथा करण सिंह यादव एवं डॉ जसवंत यादव सहित अन्य सभी प्रधान व सभी जनप्रतिनिधियों ने एक राय होकर ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया




नीमराना में लोगों ने प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

कि 20 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंडीगढ़ की तर्ज पर बहरोड़ नीमराना को जिला बनाने की बात करने का स्वांग दिखाकर अब राठ क्षेत्र के नाम का नामोनिशान मिटाकर बहरोड़ नीमराना के जिला बनने के सपने को भूमाफिया की भेंट चढ़ा दिया। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की युवा नेत्री नीलम यादव सहित जिला अध्यक्ष प्रथम बलवान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष उमेद भाया, देवेंद्र यादव आदि वरिष्ठ भाजपाईयों के नेतृत्व में बहरोड़ नीमराना को जिला बनाने की लंबे वर्षों से चल रही मांग को जिला ना बनाकर अपमान करने की बात करते हुए राठ के हक, अधिकार और सम्मान के लिए जिले की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी नीमराना को सैकड़ों राठ क्षेत्र के नागरिकों के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

# पोक्सो एक्ट पीड़ित को आरोपी के चाचा चिकित्सक ने दूरभाष पर धमकी दी

**दौसा, (निसं)।** लालसोट उपखंड स्थित झापदा थाना क्षेत्र के एक गांव के पोक्सो एक्ट से पीड़ित को आरोपी युवक के रिश्ते में चाचा लगने वाले राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. मुकेश मीणा द्वारा इनके परिवार के सवासा ग्राम पंचायत सरपंच की शिकायत करने पर एक अन्य व्यक्ति को दूरभाष पर लेकर जमकर धमकाया गया।

पोक्सो एक्ट के आरोपी के चाचा सरकारी चिकित्सक द्वारा इस तरह फोन पर धमकाने के बाद पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ है। पीड़ित बालिका के पिता ने बताया कि ग्राम पंचायत सवासा द्वारा

- **धमकाने वाला पापड़दा में है सरकारी चिकित्सक**

पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी को फायदा पहुंचाने की गरज से सरपंच द्वारा उसके परिवार का सदस्य होने के साथ सारा मामला जानकारी में होने के बाद भी जानते बुझते पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी का गलत तरीके से गलत तथ्यों के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के लिए निर्झरना तहसील प्रशासन को अनुशंसा कर दी गई थी। इसके बाद निर्झरना तहसील प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच कराने पर पोक्सो एक्ट के आरोपी के जिंदा पाए जाने एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए गलत जारी हुई अनुज्ञा को आनन-फानन में निरस्त किया गया।

वहीं ग्रामीणों द्वारा इस मामले को लेकर धरना प्रदर्शन के बाद तहसील प्रशासन द्वारा किए गए फर्जीवाड़े का मुकदमा झापदा थाने में भी दर्ज कराया गया था। अब लगातार हो रही शिकायतें एवं ग्रामीणों के लामबंद होने के साथ कार्रवाई होती देख इस मामले को दबाने की कोशिश के साथ आरोपी के चाचा सरकारी चिकित्सक मुकेश मीणा द्वारा पीड़ित परिवार को धमकाते हुए इस तरह की जाने वाली शिकायतें नहीं करने एवं इस मसले से दूर रहने के लिए दूरभाष पर धमकाया गया। वहीं सरकारी चिकित्सक द्वारा पोक्सो एक्ट के पीड़ित को धमकाते हुए कहा कि कितनी ही शिकायतें कर लो उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पीड़ित ने बताया कि एक तो पेसे से सरकारी चिकित्सक एवं दूसरी ओर उनको दूरभाष पर धमकाने के बाद उनका परिवार घर से बाहर निकलने तक में असुरक्षित महसूस कर रहा है। पीड़ित ने सुरक्षा व कार्रवाई की मांग की है।

## लोगों ने विधायक खैरिया का स्वागत किया

**किशनगढ़ बास/खैरथल, (निसं)।** अलवर जिले के किशनगढ़बास विधानसभा के खैरथल को जिला बनाए जाने की घोषणा ने जिले के सत्तारूढ दल से लेकर विपक्ष तक के नेताओं को चौंका दिया है। अब तो हर एक व्यक्ति की जुबान पर एक ही बात है भाई सीएम ने कमाल कर दियो।

विधायक दीपचंद खैरिया पर राजस्थान की विधानसभा में नहीं बोलने के आरोप लगे। विपक्ष कहता जनता की मांगों को लेकर विधायक बोलता नहीं। जवाब में हमेशा खेरिया कहते मुझे जब सब कुछ बिना बोले ही मिल जाता है तो मैं क्यों बोलूं।

खैरथल में राजकीय महाविद्यालय खैरथल में सेटेलाइट हॉस्पिटल खैरथल में तहसील और अब खैरथल को जिला बनाने की सौगात मिलने से हर कोई खुशी से झूम रहा है।

विधायक दीपचंद खैरिया जब किशनगढ़ बास और खैरथल के बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ निकले तो लोगों ने विधायक का दिल से स्वागत किया। इस दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। दुकान दुकान लोगों ने मालाएं पहनाई साफा पहनाया और मुंह मीठा कब करा कर जिला बनाए जाने पर बधाई दी।

किशनगढ़ बास में स्वागत के दौरान विधायक के साथ प्रधान बद्री प्रसाद सुमन उमेश यादव कैलाश बत्रा राजेंद्र सिंघल त्रिभुवन शर्मा वीरेंद्र सोनी संदीप अग्रवाल संदीप पाटिल सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## अस्पताल में उपकरणों का लोकार्पण किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमू उपखण्ड के गांव सामोद के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक कोष से करवाए गए चिकित्सा उपकरणों के विस्तार कार्यों का लोकार्पण शनिवार को विधायक रामलाल शर्मा और गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया।

विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा विधायक कोष से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सामोद के नवनिर्मित भवन के वार्ड और ऑपरेशन थियेटर में सेंट्रल ऑक्सीजन पाइप लाइन कार्य के लिए 5 लाख रुपये, आधुनिक एक्सरे मशीन मय सीआर सिस्टम स्थापित करने के लिए 6 लाख रुपये और इमरजेंसी यूनिट, आईसीयू, लेबर रूम, नवजात शिशु नर्सरी यूनिट, ओटी, वेल्टीनेटर, 24 कंस्ट्रेटर, 2 ऑक्सीजन सिलेंडर, 8 ऑक्सीजन रेगुलेटर एवं अन्य चिकित्सा उपकरणों के 23 लाख 81 हज़ार रुपयों की लागत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाये मिलेगी और ग्रामवासियों को इलाज में सुगमता मिलेगी। साथ ही सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम चालू होने के साथ मरीजो को पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधा मिलेगी। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामोद के नवीन भवन का निर्माण कार्य विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से हुआ था।

# सी.सी रोड़ निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**देवली, (निसं)।** सीसी रोड निर्माण कार्यों की शर्तों और नियमों को यहां ताक में रखकर पालिका के चहेते ठेकेदार अपने मन मुताबिक निर्माण कार्य करके पालिका कोष को चूना लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है। स्थानीय कब्रिस्तान के मार्ग पर पालिका की ओर से सीसी रोड निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें कार्य आदेश, जी शेड्यूल व ड्राइंग से विपरीत

- **जानकारी होने के बावजूद अधिकारी नहीं ले रहे जायजा**

सीसी निर्माण कार्य किए जाने की परिस्थितियां दिखाई दी गई है।

लोगों का मानना है कि कब्रिस्तान मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य में बरती जा रही कोताही की जानकारी से संबंधित अधिकारी बखूबी वाकिफ है। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ऐसे हालातों का जायजा लेना तक उचित नहीं समझ रहा है। पालिका प्रशासन ने लाखों रुपए की लागत से कब्रिस्तान मार्ग पर सीसी रोड निर्माण में ठेकेदार को रोड निर्माण ड्राइंग, जीशेड्यूल, कार्य स्टीमेट के



देवली के कब्रिस्तान मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाई जा रही है।

अनुसार सीसी रोड का निर्माण किए जाने के लिए कार्य आदेश जारी किया है। यहां ठेकेदार ने पालिका प्रशासन की शर्तों को ताक में रखकर निर्माण कार्य किए जाने में अपनी बद नियती दर्शाई हुई है। यह क्षेत्रवासियों का मानना है कि सीसी रोड का निर्माण कार्य रोड निर्माण ड्राइंग और स्टीमेट जी शेड्यूल व कार्य आदेश के अनुरूप नहीं हो रहा है। वहीं रोड निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के जयपुर चुंगी नाका स्थित कब्रिस्तान के पुराने मार्ग पर फिर से सीसी रोड निर्माण कार्य पालिका द्वारा करवाया जा रहा है। इधर रोड निर्माण विशेषज्ञों ने बताया कि सीसी रोड निर्माण नियम के अनुसार सीसी रोड बनाए जाने से पहले पुराने रोड की खुदाई करना अनिवार्य होता है। जबकि ठेकेदार ने इस कार्य में महज खानापूर्ति की है।

उक्त निर्माण कार्य में आशंका यह भी व्याप्त हो रही है कि जी शेड्यूल और रोड ड्राइंग के अनुरूप रोड की मोटाई भी कम रखी जा रही है। तो वही सीसी रोड निर्माण के मटेरियल में सीमेंट की कमी पर भ्रष्टाचार की नीति बनाई हुई है। सीसी रोड निर्माण कार्य में हो रही अनियमितताओं को लेकर जब पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से मोबाइल पर संपर्क साधना चाहा तो अधिकारी ने हर बार फोन को काट दिया। ऐसे में अधिकारी के व्हाट्सएप पर अधिकारी को उक्त हालात की फोटो डाली गई एवं मामले में क्या कार्रवाई हो होगी इसकी जानकारी चाही गई परंतु अधिकारी के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

## मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला फूंका

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा एवं सांभरलेक के विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा फुलेरा-सांभर को जिला बनाने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है। जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा फुलेरा विधानसभा में सांभर-फुलेरा को जिला ना बनाकर दूदू को जिला बनाने के निर्णय पर शनिवार को सायं 4:30 बजे कस्बे के गांधी चौक में फुलेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

वहीं थानाधिकारी हनुमान सहाय को उपखण्ड अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि विधानसभा में फुलेरा-सांभर को जिला बनाने के मामले को कई बार उठाया गया है।

सांभर फुलेरा शुरू से ही उपखण्ड मुख्यालय रहा है। साथ ही उपखण्ड मुख्यालय जिला बनने की सभी योग्यताएं भी पूर्ण करता है। वहीं मुख्यमंत्री पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि दूदू करीब 35 दिन पहले जो ग्राम पंचायत था, फरवरी माह में नगर पालिका और अब उसको आज जिला बना दिया।

इसको लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंककर मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर पार्षद सरदार चौधरी, पूजा भाटी, जितेन्द्र वर्मा, अभिषेक वर्मा, संजय पारीक, रतन राजौरा, सुरेश मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे की महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज में विदाई समारोह "फ्यूज़न 2023" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र यादव ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रो. हरफूल सिंह डीन- राजकीय कृषि महाविद्यालय प्रीतमपुरी, डॉ. हरिशंकर यादव सहायक आचार्य राजकीय पीजी महाविद्यालय नीमकाथाना, निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी व उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता प्रमोद वर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक प्रभारी प्रमोद वर्मा के सानिध्य में फ्यूज़न 2023 विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। व्याख्याता आंनद बबेरवाल ने बताया कि राहुल रॉय मिस्टर फ्यूज़न व शिवानी जांगिड़ मिस फ्यूज़न 2023 चुनी गई। विभिन्न प्रतियोगिता के तीन राउंड कराए गए जिसमें तृतीय राउंड में विजेता को मिस्टर व मिस का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता प्रमोद वर्मा व सलोनी चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में एंकर संदीप, करन प्रकाश, शिवानी जांगिड़, आकाश सैनी थे। निर्णायक मंडल में भगवती कुमावत व विष्णु शर्मा थे। उत्कर्ष कार्यक्रम का ख़िताब (छात्र वर्ग में) हिंदुस्तानी ग्रुप को दिया गया। छात्रा वर्ग में सुनीता चौधरी को दिया गया।

### 7 मामलों का निस्तारण किया



**बस्सी, (कासं)।** बस्सी उपखंड के ग्राम पंचायत जटवाड़ा केन्द्र पर शनिवार को जिला विधिक प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम के तत्वावधान में डोर स्टेप काउंसलिंग के लिए कैम्प कोर्ट का आयोजन आशीष जयपाल न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय बस्सी, जयपुर महानगर प्रथम की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम न्यायालय के माध्यम से पक्षकारों में आपसी सुलह कराकर 7 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में पक्षकारों के मध्य राजीनामा कराकर कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ये मामले मारपीट व एक्सीडेंट के थे। शिविर में आये पक्षकारों व उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता केन्द्र आदि लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत जटवाड़ा के सरपंच रामविलास सैनी व न्यायालय के कर्मचारी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई

**पावटा, (निसं)।** शुक्रवार को बजट के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कोटपूतली के जिला बनने की घोषणा व विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में मुख्य घोषणाएं करते हुए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका को चतुर्थ श्रेणी से उच्च श्रेणी में क्रमोन्नत, साईवाड पीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत, विराटनगर में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय की घोषणा, 20.55 करोड की लागत से सडकों की घोषणा, ग्राम खातोलाई को ग्राम पंचायत बनाए जाने पर लोगों ने पटाखे फोड और मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गृह व उच्च शिक्षामंत्री राजेंद्र यादव, विधायक इंद्राज गुर्जर के साथ कांग्रेस के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि यह बजट अपने आप में एक ऐतिहासिक बजट है। इस बार बजट में ऐसी ऐसी घोषणा की गई है। जिसकी शायद किसी को उमीद भी नहीं थी।

### एस.पी. ने थाने का निरीक्षण किया

**नारायणपुर, (निसं)।** अलवर पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने शनिवार को नारायणपुर पुलिस थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । एसपी शर्मा के थाने में पहुंचने पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। इसके बाद एसपी ने पुलिस थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस जवानों को बेहतर पुलिसिंग के लिए विशेष निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अनुसंधान कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसका समय पर निस्तारण किया जाए। इस मौके थानागाजी सीओ मनराज मीणा, नारायणपुर थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी, थानागाजी थाना प्रभारी रामजीलाल सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

### विप्र जनों ने जनसंपर्क किया

**मंडावरी/लालसोट, (निसं)।** जयपुर में आयोजित हो रहे विशाल विप्र महाकुंभ में सम्मलित होने के लिए मंडावरी लालसोट रामगढ़ पचवारा सहित विभिन्न जगहों पर विप्र जनों ने जनसंपर्क किया। रविवार को निर्धारित जगहों से सैकड़ों की संख्या में विभिन्न जगहों पर लगाए गए निजी वाहनों से भारी संख्या में विप्र जन जयपुर आयोजित हो रहे विप्र महाकुंभ में सम्मिलित होंगे। मंडावरी कस्बे में विप्र महाकुंभ में मंडावरी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सीताराम ढन्ढ उपाध्यक्ष हुकम हिन्डोनिया कोषाध्यक्ष रमेश ढन्ढ कैलाश पान वाले मनोज तिवारी सियाराम शर्मा चोन्डियावास शिवकुमार बंधु रामअवतार खुमचावाले रामचरण भेडोल्या बिरजू पानवाले आदि विप्र जनों द्वारा घर-घर जनसंपर्क कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं विप्र जनों खुद ज्यादा से ज्यादा विप्र महाकुंभ स्थल पहुंचकर एकता की ताकत दिखाने का आव्हान किया।

### पोषाहार किटों का वितरण

**लालसोट (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमात में प्राइमरी स्कूल के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शनिवार को सरकार से प्राप्त हुए स्पेशल सूखे पोषाहार किटों का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उषा शर्मा द्वारा विद्यालय के स्टाफ की मौजूदगी में पोषाहार की सूखी किटों का वितरण किया गया। छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा प्राप्त पोषाहार की किटों में चना की दाल मूंग की दाल सोयाबीन का खाद्य तेल धनिया पाउडर हल्दी पाउडर लाल मिर्च जीरा नमक आदि प्रदान किए गए।

### प्राइवेट अस्पतालों ने चिरंजीवी योजना का बहिष्कार किया


**टोंक, (निसं)।** प्राइवेट हॉस्पिटलों के संचालकों की शनिवार को हुई बैठक में आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना का बहिष्कार करते हुए समस्त निजी अस्पताल अनिश्चितकाल के लिए पूर्णतया: बंद रखने का निर्णय लिया। अध्यक्ष उपचार टोंक डॉ. राजीव बंसल ने बताया कि बंसल हॉस्पिटल में बैठक हुई। जिसमें डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ. आशीष सिंहल, डॉ. चन्द्रभान, डॉ. सुभाष जैन, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. राजेश मालपनी की उपस्थिति में समस्त प्राइवेट हॉस्पिटल को पूर्णत: बंद रखने का निर्णय किया। समस्त प्राइवेट हॉस्पिटल टोंक की ओर से शनिवार को सुबह आठ बजे से सरकारी योजनाओं (आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना ) का बहिष्कार किया गया एवं शाम आठ बजे से समस्त प्राइवेट हॉस्पिटल (समस्त इमरजेंसी सर्विसेज सहित) अनिश्चितकाल के लिये पूर्णत: बंद रहेंगे।

# 'कोई गुरुर करे कि उससे बड़ा कोई नहीं है, समझ लो अंत आ रहा है'

जयपुर, 18 मार्च (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की गुटबाजी पर जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोच व्यापक रखने का मंत्र देते हुए कहा कि देश को आज प्यार और आपसी भाईचारे से रहने की जरूरत है। अब्दुल्ला शनिवार को इंडियन मुस्लिम फॉर सिविल राइट्स के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए सलमान खुर्शीद के साथ जयपुर में आए थे।

फारूक अब्दुल्ला ने कांग्रेस सहित अन्य दलों को अपनी महत्वाकांक्षाओं को दरकिनार कर एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज का वक्त किसी के एमपी या विधायक बनने की चाह रखने का नहीं है। आज की जरूरत संगठित होकर काम करने की है। फारूक अब्दुल्ला के इस बयान को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच चल रही अदावत से जोड़ कर देखा जा रहा है।

उन्होंने ईमानदार बनने की नसीहत देते हुए कहा कि "पहले तो हम अपना ईमान मजबूत कर लें, अपने आप को मजबूत करें, किसी से डरने की जरूरत नहीं है। इज्जत देने वाला वो है और जिल्लत देने वाला भी वही है। मौत को कोई रोक नहीं सकता फिर चाहें कोई कितना बड़ा बादशाह हो इसलिए आपस में प्यार का व्यवहार रखना चाहिए।" फारूक अब्दुल्ला ने राजस्थान कांग्रेस की चर्चा कर बिना किसी का नाम लिए कहा कि "यहां क्या हो रहा है सब देख रहे हैं। किस तरह के हालत बने हुए है। कोई वजीर ए आला तो कोई वजीर ए–आजम बनना चाहता है लेकिन पहले अपने आप को कुर्बान करने की सोच रखनी होगी।" हालांकि इसके बाद फारूक अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि "हम इंसान हैं, और इंसान के अपने ख्वाब होते हैं। राजस्थान में दो की जंग है। यह भी सोचने वाली बात है कि अगर कोई इस गुरुर में आ जाए कि उससे बड़ा कोई नहीं है तब समझ लो कि आपका अंत आ रहा है। इंसान जब में घमंड आ जाता है तो वह डूब जाता है।"



*नैशनल कॉन्फ्रैंस के प्रमुख फारुक अब्दुल्ला ने जयपुर में मुस्लिम समाज के एक कार्यक्रम में गहलोत और पायलट के बीच चल रही अदावत की निंदा की और कहा कि, कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहिये। उन्होंने कहा कि, यहां के हालात तो सब देख ही रहे हैं कोई वज़ीर- ए-आजम तो कोई वज़ीर-ए-आला बनना चाहता है।*

- **राजस्थान में कांग्रेस की जंग पर बोले फारूक अब्दुल्ला, यहां क्या हो रहा है सब देख रहे हैं, किस तरह के हालत हैं, कोई वज़ीर ए आला तो कोई वज़ीर ए आज़म बनना चाहता है।**

मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि "जब कोई किसी को खराब बताता है तो ये भी समझ लें कि एक उंगली दूसरी तरफ है तो तीन स्वयं की तरफ भी है। वो इशारा कर कहती है कि हम क्या हैं, इस पर भी सोचने की जरूरत है।" अब्दुल्ला ने कहा कि मुल्क की हालत बहुत ख़राब है, इसे ठीक करने की जरूरत है। आज प्यार मोहब्बत से रहने की जरूरत है।

# पंजाब में खालिस्तान समर्थक संगठन का प्रमुख अमृतपाल सिंह गिरफ्तार

## अमृतपाल सिंह वारिस पंजाब दे का प्रमुख है तथा वह खालिस्तानी आतंकी भिण्डरांवाले के लिए काम करता है

चंडीगढ़, 18 मार्च। वारिस पंजाब दे चीफ अमृतपाल सिंह को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके समर्थकों ने पुलिस पर कार्रवाई का आरोप लगाया है। इससे पहले पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके छह सहयोगियों को हिरासत में लिया था। मोगा जिले में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। वारिस पंजाब दे प्रमुख के समर्थकों ने मोगा जिले में पुलिस द्वारा उनके काफिले का पीछा करने और जालंधर के पास शाहकोट की ओर तेज रफ्तार वाहन का एक वीडियो शेयर किया था। पंजाब गृह मामलों और न्याय विभाग ने बताया कि पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एस.एम.एस. सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर दी जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं 18 मार्च से 19 मार्च तक निलंबित रहेंगी।

- **ज्ञातव्य है कि, पिछले दिनों पंजाब में अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने भारी बवाल खड़ा किया था, तथा उसके हजारों समर्थक अजनाला जिले के एक पुलिस थाने पर लाठी व सरिये व अन्य हथियार लेकर पहुँच गये थे।**

सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तारी से पहले खालिस्तान समर्थक सिंह बठिंडा जा रहा था, तभी पुलिस ने जालंधर के मेहताबपुर गांव के पास उसे रोकने की कोशिश की। उनके छह समर्थकों को कथित तौर पर मेहताबपुर से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने कहा कि उनके समर्थकों के घरों पर भी छापे मारे गए हैं। हालांकि सिंह के करीबी सहयोगियों के सभी फोन स्विच ऑफ थे। एक वीडियो (अपुष्ट) में अमृतपाल सिंह को एक तेज रफ्तार कार में बैठ हुए दिखाया गया था।

अमृतपाल सिंह के खिलाफ अजनाला थाना अमृतसर में अपहरण का एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया है कि 24 फरवरी को उनके समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस स्टेशन पर कथित तौर पर धावा बोलने के बाद उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया था या नहीं। उनके एक सहयोगी की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए उनके समर्थक पुलिस से भिड़ गए थे और पुलिस स्टेशन में घुस गए थे।

पंजाब सरकार के लिए एक अमृतपाल सिंह एक नई चुनौती के रूप में सामने आया है। 30 साल का नौजवान अमृतपाल सिंह खुलेआम खालिस्तान का समर्थन कर रहा है और युवाओं को तबाह कर रहे ड्रग्स के खतरे को जड़ से खत्म करने में राज्य की असफलता पर भी जोर दे रहा है।

अमृतपाल सिंह छह महीने पहले दुबई से लौटा है। सिंह उस वक्त चर्चा में आया जब उसने एक भीड़ द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा करने की कोशिश की और प्रशासन को धमकाया। इस भीड़ का नेतृत्व अमृतपाल सिंह ही कर रहा था। इस मामले ने इस ओर भी इशारा कर दिया था कि पंजाब की आप सरकार संवेदनशील मुद्दों पर अभी अनुभवहीन है। हालांकि सी.एम. भगवंत मान ने अजनाला की घटना को बहुत ज्यादा तूल न दिए जाने की बात कही थी। हालांकि पंजाब सरकार के अधिकारियों को पता होना चाहिए कि पंजाब को एक ऐसे प्रशासन की आवश्यकता है।

# 'आलोचना करके कुछ लोग काला टीका लगाने का शुभ काम कर रहे हैं'

## प्र.मंत्री मोदी ने कहा, भारत का गौरव दुनिया में बहुत व्यापक और विशाल पैमाने पर बढ़ा है यह बात कुछ लोगों को चुभ रही है, इसलिए वे इस तरह के हमले कर रहे हैं

नई दिल्ली, 18 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार की सुशासन में संवेदनशीलता से देश तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है और इससे लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है तथा साथ ही लोकतंत्र को भी मजबूती मिली है।

मोदी ने शनिवार शाम एक निजी टेलीविजन चैनल इंडिया टुडे के कार्यक्रम में कहा कि देश को आगे बढ़ना है तो उसमें हमेशा गतिशीलता होनी चाहिए, साहसिक निर्णय लेने की शक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के कारण ही भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश में लोकतंत्र के कमजोर होने के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व स्तर पर जो कुछ भी हासिल कर रहा है उसके पीछे देश के लोकतंत्र और संस्थानों की ताकत है। उन्होंने कहा कि यह ताकत कुछ लोगों को चुभ रही है इसलिए वह इस तरह के हमले कर रहे हैं लेकिन देश इस तरह के हमलों के बावजूद संकल्प के साथ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब अच्छे काम होते हैं तो काला टीका भी लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में जो भी अच्छे काम हो रहे हैं उसकी आलोचना कर कुछ लोग काला टीका लगाने का शुभ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार संवेदनशीलता के साथ तेजी से निर्णायक फैसले ले रही है जिससे लोगों का भरोसा बढ़ा है और इससे इंडिया मूवमेंट को मजबूत तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

- **मोदी ने शनिवार शाम निजी टेलिविज़न चैनल, इंडिया टुडे के कार्यक्रम में कहा कि, देश को आगे बढ़ना है तो उसमें हमेशा गतिशीलता होनी चाहिए, साहसिक निर्णय लेने की शक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, लोकतंत्र की मजबूती के कारण ही भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है।**
- **देश में लोकतंत्र कमजोर होने के विपक्ष के आरोपों पर मोदी ने कहा, देश में और घर में जब भी अच्छे काम होते हैं तो हम लोग काला टीका लगाते हैं, विपक्ष की यह टिप्पणियां वही काले टीका का काम कर रही हैं।**

उन्होंने कहा कि यह कालखंड देश के लिए अभूतपूर्व है क्योंकि वैश्विक संकट के बीच जहां अनेक देशों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है वहां भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं की चुनौती भरे हालातों में भी देश आगे बढ़ रहा है और उसे दुनिया का विश्वास हासिल है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार दृढ़ता के साथ पूरे देश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास कर रही है पहले देश से घोटाले की खबरें आती थी लेकिन अब विकास कार्यों की खबरें आती हैं और यही सुशासन का प्रतीक है।

# सुजानगढ़, भीनमाल, तिजारा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुजानगढ़ में हुआ है। जहां कई कांग्रेस पार्षदों और नेताओं ने पार्टी से इस्तीफे दे दिए हैं। सुजानगढ़ को जिला नहीं बनाने पर क्षेत्र के लोग आंदोलित हो गए हैं। जिला नहीं बनने पर इसलिए शनिवार को सुजानगढ़ पूर्णतया बंद रहा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधायक मनोज मेघवाल के खिलाफ सुजानगढ़ के लोगों ने नारेबाजी करते हुए एन.एच. 58 जाम कर दिया। मेगा हाइवे के जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण बसों व छोटी गाड़ियों में बैठे लोगों को भारी परेशानी हुई।

सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के आवास के बाहर भी विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, जिसके बाद सीआई मनोज मुंड के नेतृत्व में विधायक आवास के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

एन.एच. 58 पर लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि विधायक का नेतृत्व कमजोर होने के कारण सुजानगढ़ जिला नहीं बन पाया। उन्होनें कहा कि जो क्षेत्र जिला बनने के लायक नहीं थे, वहां के विधायकों को खुश करने के लिये मुख्यमंत्री ने उन जगहों को जिला बना दिया। जो क्षेत्र जिला बनने के लायक नहीं थे वहां के विधायकों ने मु.मंत्री की खुशामद कर-करके अपना काम निकलवा लिया। कुलदीप ने विधायक मनोज मेघवाल से इस्तीफे की मांग की। वहीं जालौर जिले के भीनमाल को जिला नहीं बनाए जाने को लेकर भी लोग सड़कों पर उतरे और सरकार का जबरदस्त विरोध किया।

इधर सरकार को समर्थन दे रहे विधायक संदीप यादव ने तिजारा को जिला नहीं बनाए जाने का विरोध किया और राजनैतिक नियुक्ति से शुक्रवार रात को ही इस्तीफा दे दिया था। ऐसी ही आवाजें जयपुर जिले के शाहपुरा से उठ रही हैं।

इसी के साथ डीग और कुम्हेर को मिलाकर जिला बनाए जाने की बात भी लोगों के गले नहीं उतर रही है क्योंकि डीग की दूरी जहां भरतपुर मुख्यालय से 37 किलोमीटर है वही कुम्हेर की दूरी मात्र 22 किलोमीटर है। जबकि कामां की दूरी भरतपुर से 63 किलोमीटर है और कामां को जिला नहीं बनाए जाने के बाद वहां की विधायक और मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने विधायक से तुरंत इस्तीफा देने की मांग कर दी है। ऐसे ही विरोध के स्वर और भी कई जगह से देखने को मिल रहे हैं।

इस बीच कहा यह जा रहा है कि जिलों और संभाग की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन जब जिलों में तहसीलों और विधानसभा क्षेत्रों का बंटवारा होगा, तो विरोध के स्वर और तेज होंगे। इसका कारण यह है कि जिस तरह से छोटे जिले बने हैं, उसमें कई तहसीलों और विधानसभाओं के टुकडे होंगे। ऐसे में विधायकों को स्थानीय स्तर पर भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा जो कि राजनीतिक रूप से कांग्रेस के लिए यह कदम नुकसानदायक सौदा साबित हो सकता है।

विरोध के स्वरों के बीच अब सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 3 संभाग मुख्यालय 19 जिले तो घोषित कर दिए, लेकिन इनके लिए सिर्फ दो हजार करोड़ का प्रावधान किया है, जबकि इतनी सी राशि में 3 संभाग मुख्यालय और 19 जिलों का गठन संभव नहीं है। कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कहा है कि जिले घोषित किए जाने से विकास तो होता है, लेकिन वित्तीय प्रबंध करना बहुत मुश्किल काम है। इन प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से जिलों की घोषणा एक साथ कर दी गई है। चुनावी वर्ष में सिर्फ 6 महीने के दौरान इनका गठन कर पाना आसान काम नहीं होगा।

## महिला ने चार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब पीड़िता को होश आया तो वह एक गाड़ी में थी। शोर-शराबा करने लगी तो अपहरणकर्ताओं के साथ ओमप्रकाश ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि शोर मचाया तो मार देंगे। उसके बाद उसे जैतसर ले गए जहां पर आरोपी रामदयाल निवासी एक एमएसडी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान जय सिंह भी उनके साथ था।

पीड़िता ने जैसे तैसे अपने पति को फोन किया तो अगले दिन ही उसका पति आकर वहां से ले गया। पीड़िता ने थाने में आकर अपनी आपबीती बताई और चार लोगों के खिलाफ अपहरण कर बलात्कार करने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इन्टरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन के खिलाफ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विशेषज्ञ कहते हैं कि रूस के राष्ट्रपति को अपने देश में असीमित शक्तियां प्राप्त हैं, इसलिए क्रेमलिन के उन्हें आई.सी.सी. को हैण्ड ओवर करने की कोई संभावना नहीं है। पुतिन जब तक रूस में है, उन्हें स्वयं के गिरफ्तार होने का कोई जोखिम नहीं है। हालांकि यदि वह रूस से बाहर जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, अत: उन्हें अपनी यात्राओं को सीमित करना होगा। लेकिन यूक्रेन युद्ध के मद्देनज़र उन पर लगाए गए अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण ऐसी कोई संभावना नहीं है कि वह किसी ऐसे देश में जाएंगे, जहां उनके विरूद्ध मुकदमा शुरु कर दिया जाएगा।

मानवाधिकार संस्था के अनुसार आई.सी.सी. अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से संबंधित सर्वाधिक गंभीर प्रकृति के अपराधों- जैसे कि नरसंहार, मानवता के विरूद्ध अपराध और युद्ध अपराधों को लेकर अभियोजन चलाता है।

पश्चिमी देशों ने जहां पुतिन के विरूद्ध गिरफ्तारी वॉरन्ट का स्वागत किया है, वहीं अमेरिका की प्रतिक्रिया इस मामले में उम्मीद से कम रही है। अमेरिका ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि वह आई.सी.सी. का सदस्य नहीं है, कहा है कि वॉरन्ट न्यायोचित है और इसकी जरूरत भी है। ब्रिटेन ने इस निर्णय का स्वागत किया और यूरोपीयन यूनियन ने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है।

आई.सी.सी. ने कहा कि रूस की फौजों से पीड़ित हुए कई लोगों के लिए यह दिन काफी महत्वपूर्ण है। तथापि क्रेमलिन ने वॉरन्ट को बकवास बताकर खारिज कर दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि "कई देशों की भांति रूस भी इस कोर्ट के क्षेत्राधिकार को मान्यता नहीं देता है और कानूनी दृष्टिकोण से इस कोर्ट के निर्णय व्यर्थ हैं।" रूस के पूर्व राष्ट्रपति दमित्री मेदवेदेव ने वॉरन्ट्स की तुलना टॉयलट पेपर्स से की, जबकि विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस के लिए इसके कोई मायने नहीं हैं।

आई.सी.सी. अभियोजनकर्ता करीम खान के अनुसार पुतिन यदि कोर्ट के 120 से अधिक सदस्य देशों में से किसी भी एक में कदम रखते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी वॉरन्ट्स का आधार फोरैन्सिक साक्ष्य, सूक्ष्म जांच और दो व्यक्तियों द्वारा कही गई बाते हैं।

खान ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसमें लोगों ने यह माना कि वे कानून से ऊपर हैं। उन्होंने पूर्व यूगोस्लाविया के कई युद्ध अपराधियों और लाइबेरिया के पूर्व राष्ट्रपति टेलर का हवाला देते हुए कहा कि "(स्लोनोदान) मिलेसिविक या चार्ल्स टेलर या (राडोवान) कराजिक्र अथवा (रैटको) मादिक को देखिए।"

चीन के नेता शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा और कीव की फौजों के लिए और लड़ाकू विमान भेजने सहित रूस के यूक्रेन युद्ध से पड़ने वाले संभावित महत्वपूर्ण प्रभाव को लेकर जब खबरें चल रही थीं तो उनके कुछ ही घंटों बाद कोर्ट का यह चौंकाने वाला नोटिस सामने आया। कीव के अनुसार 24 फरवरी 2022 को शुरु हुए आक्रमण के बाद से यूक्रेन के 16 हजार से अधिक बच्चों को जबरन रूस से निर्वासित कर दिया गया है। इनमें कईयों को कथित रूप से संस्थाओं और पालन गृहों में रखा गया है। खान ने कहा कि "बच्चों के विरूद्ध अपराधों को देखते हुए साक्ष्य प्रस्तुत की गई।

बच्चे हमारे समाज के सबसे नाजुक अंग है। आई.सी.सी. ने कहा कि जजों की राय में पुतिन पर आपराधिक उत्तरदायित्व के संदेह और वॉरन्ट जारी करने के लिए खान के आवेदन को मंजूर करने के "तर्कसंगत आधार" थे। खान ने 22 फरवरी को आवेदन प्रस्तुत किया था। आई.सी.सी. अध्यक्ष पियोत्र होफमान्स्की ने कहा कि वॉरन्ट्स पर क्रियान्विती करना अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग पर निर्भर करता है।

## गहलोत की...

मिलने में गांधी परिवार की कोई रूचि नहीं रही है, इसलिये मुख्यमंत्री यह संकेत देने के लिये अत्यन्त उत्सुक थे कि नये कांग्रेस अध्यक्ष के साथ भी उन्हें परेशानी नहीं है। मुख्यमंत्री आज रात दिल्ली में ही रूके हुये हैं तथा कल अपरान्ह काल में ही जयपुर लौटेंगे।

# कैला देवी के दर्शन करने आ रहे दो पदयात्रियों की चंबल नदी में डूबने से मौत

## समाचार लिखे जाने तक 5 पदयात्री लापता

करौली, 18 मार्च (नि.स.)। कैला देवी के दर्शनों के लिए आ रहे मध्य प्रदेश के 17 महिला पुरुष पदयात्री चंबल नदी में डूब गये जिनमें से 10 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पानी से बाहर निकाले गए 2 जने मृत थे। समाचार लिखे जाने तक पांच पदयात्री लापता थे। मध्य प्रदेश और करौली जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम लापता लोगों की तलाश में लगी हुई हैं।

मध्य प्रदेश के सिपरी जिले के चिला बाद गांव के सुनील पुत्र सेवक कुशवाह, दीपक पुत्र देवकीनंदन, दीपक पुत्र अमर सिंह, जानकी लाल, संतरा देवी पत्नी सेवक, रश्मि देवी पत्नी सुनील कुमार, रुकमणी पत्नी दीपक कुमार, अलोपा देवी पत्नी देवकीनंदन, संपत देवी पत्नी राकेश, रामश्री देवी पत्नी बच्चन लाल, कल्लो देवी पत्नी चौऊ, चौऊ पुत्र ठकरी, ब्रजमोहन पुत्र पप्पू, लव कुश पुत्र थान सिंह, धरम वीर पुत्र केरा, देवकीनंदन पुत्र हीरा, राकेश पुत्र मुरारी गत 3 दिन पूर्व गांव से कैला माता के लिए पदयात्रा पर निकले थे।

- **सत्रह पदयात्री मध्य प्रदेश से कैला देवी जी के दर्शन करने के लिए आ रहे थे।**

पदयात्री शनिवार को मंडरायल क्षेत्र के रोधई गांव के पास बह रही चंबल नदी से राजस्थान की सीमा को पार करने के लिए एक दूसरे के हाथ पकड़ कर सुबह 9:00 बजे निकले। चंबल नदी के गहरे पानी में पहुंचते ही सभी लोग पानी में डूब गए और चीख-पुकार मच गई।

जैसे तैसे 10 पदयात्री जगडरपुरा घाट के किनारे तैर कर और कुछ रोधई गांव के लोगों के सहयोग से नदी से बाहर निकले, लेकिन 7 महिला व पुरुष पदयात्री गहरे पानी में डूब गए। लापता पद यात्रियों में से कल्लो देवी पत्नी चौऊ और देवकीनंदन पुत्र हीरालाल को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। रश्मि देवी, रुकमणी देवी, अलोपा देवी, ब्रजमोहन व एक बालक लव कुश लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है।

## भीलवाड़ा में इस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ. चावला ने बताया कि जिले में करोना संक्रमण का खतरा बढ़ने लगा है। शरीर में हल्के से भी लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेने की आवश्यकता है।

सिंह की मौत से ना सिर्फ़ चिकित्सा जगत बल्कि पूरे शहरवासियों में शोक की लहर छा गई है। एम.जी. हॉस्पिटल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में कलेक्टर आशीष मोदी, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ पवन कुमार, पीएमओ डॉ. अरुण गौड़, सीएमएचओ डॉ. मुश्ताक ख़ान सहित कई डॉक्टर व शहरवासी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर मोदी ने कहा कि वायरस तेज़ी से फैल रहा है इससे सावधान रहने की आवश्यकता है।

# किस को ज्यादा नुकसान होगा आंतरिक कलह...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुमार के बीच की गंभीर अंदरूनी लड़ाई चुनावों से पहले अनबन की उस राजनैतिक तस्वीर को पूरा करती नज़र आ रही है।

लेकिन दिखाने के लिये, ये दोनों कांग्रेस नेता सार्वजनिक तौर पर पार्टी में पूरी शांति दर्शाते हैं तथा कभी-कभी एक साथ तथा एक मंच पर फोटो खिंचा कर यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि उनके बीच सब कुछ ठीक-ठाक है। लेकिन पार्टी के अंदर भी हर आदमी यह जानता है कि चुनाव परिणाम के बाद दोनों एक-दूसरे पर किस तरह हमला करेंगे। देखना यह है कि क्या इन दोनों पार्टियों की अंदरूनी लड़ाई एक-दूसरे को खारिज कर देगी या फिर दूसरे शब्दों में उनसे संबंधित पार्टी की संभावनाओं को इस अंदरूनी लड़ाई के चलते कौन नुकसान पहुँचा रहा है। लेकिन जैसा कि आज दिखाई दे रहा है, कांग्रेस, जिसका पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है, अंदरूनी लड़ाई के चलते स्वयं ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार लेगी।

अन्यथा, कांग्रेस की संभावना काफी अच्छी हैं क्योंकि कर्नाटक की भाजपा सरकार, जिसके मुखिया बासवराज बोम्मई हैं, को आम जनता निष्ठुरता की हद तक भ्रष्ट सरकार के रूप में देख रही है तथा कांग्रेस को इस बात को जनता तक पहुँचाने का आसान रास्ता मिल गया है। सरकार के खिलाफ कांग्रेस "40 प्रतिशत कमीशन सरकार" की टैगलाइन तथा प्रचार के दौरान इसके दोहराने के फलस्वरूप, घर-घर तक पहुँच गई तथा जनता की ज़ुबान पर चढ़ गई है। भाजपा पर चस्पा हो चुकी इस टैगलाइन के अलावा, राष्ट्रीय राजनैतिक परिदृश्य पर हावी हो चुका अडानी मुद्दा भी विपक्ष के हाथ में एक ऐसे हथियार के रूप में आ गया है, जिससे वह भाजपा पर हमला बोल रही है।

लेकिन कर्नाटक में, सत्तारूढ़ भाजपा के पास भी कुछ विशिष्टताएं हैं तथा इसका चुनाव लड़नें का तंत्र तथा प्रचार में शामिल स्टार पावर इसके विरोधी दलों से कहीं ज्यादा ताकतवर एवं प्रभावी है। कागज पर देखें तो भाजपा के पास प्रचार के लिये सबसे बड़ी स्टार पावर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं प्रचार-अभियान को नेतृत्व प्रदान करते हैं और उनके बाद, भाजपा के शीर्ष नेतागण की तोपों की गर्जना चुनावी माहौल को एक अलग ही रूप दे देती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किये गये बँगलोर-मैसूर एक्सप्रैस वे के उद्घाटन तथा रोड शो के तुरन्त बाद, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी शनिवार को टुमकुर जिले में विजय संकल्प यात्रा के हिस्से के रूप में शो कर डाला। उनके साथ भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष लेन कुमार कटिल तथा पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. युदियुरप्पा भी थे।

भाजपा का हर वक्ता अपनी पूरी कोशिश कर रहा है कि वह बोम्मई सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के धब्बे के असर को कम कर सके तथा भाजपा का हर वक्ता इस बिन्दु पर कांग्रेस पर पूरी ताकत से हमले कर रहा है।

नड्डा ने कांग्रेस पर अंधाधुंध प्रहार करते हुये कहा, "कांग्रेस का अर्थ है- भ्रष्टाचार और कमीशन। जब यह कर्नाटक की सत्ता में थी, उसने कर्नाटक को दोनों हाथों से लूटा था और अब लूटने के एक और अवसर की तलाश में है। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि कर्नाटक के लोग चतुर हैं तथा वे जानते हैं कि आगामीचुनाव में किसे चुनना है। केवल कर्नाटक ही नहीं, बल्कि पूरा देश ही कांग्रेस की परिवारवादी राजनीति से उकता चुका है। राहुल गांधी विदेश जाते हैं और वहाँ भारत के लोकतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। आप लोगों को अपने वोटों के जरिये उन्हें (राहुल) को यह जवाब देना ही चाहिए कि हमारे भारत में लोकतंत्र कितना मजबूत है।"

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई पूर्व मुख्यमंत्री युदियुरप्पा द्वारा छोड़ी गई विरासत को आगे ले जायेंगे। नड्डा ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा येदियुरप्पा ने कर्नाटक को विश्वस्तरीय विकास का उपहार देने के लिये मेहनत की थी। मैं (आपको) विश्वास दिला सकता हूँ कि मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई राज्य के विकास की दिशा में काम करते रहेंगे तथा हमारी डबल इंजर सरकार की ताकत को प्रमाणित कर देंगे।" नड्डा ने सभी लोगो को संदेह मुक्त करते हुये कहा कि अगर भाजपा जीतती है तो बोम्मई ही पार्टी का मुख्य दाँव और सरकार का चेहरा होंगे।

बोम्मई को लेकर भाजपा के अंदर काफी मुखर गुर्राहट सुनाई दे रही है तथा इस बिन्दु पर पार्टी की राज्य इकाई बँटी हुई दिखाई दे रही है।

येदियुरप्पा तथा वे जिस तरह से अपने पुत्र को राजनीति में अवसर दे रहे थे, उस तौर-तरीके के खिलाफ पार्टी में आवाजें उठ रही हैं। उनकी अपनी पार्टी के ही लोग उनके बयान रोचक बयान दे रहे हैं। देखना यह है कि जब पार्टी कार्यकर्ता प्रचार के लिये निकलेंगे तो उन्हें पार्टी की यह अंदरूनी लड़ाई कितना प्रभावित करेगी।

जहाँ ये दोनों बड़ी पार्टियाँ एक-दूसरे से तथा "अपने अन्द" लड़ रही हैं, वहीं राज्य की तीसरी ताकत- जनता दल (सेकुलर) एकचित्त होकर अपने रणनीतिपूर्ण प्रचार में लगी हुई है तथा कुछ सीटें जीतकर, प्रमुख "किंगमेकर" के रूप में उभरने की कोशिश कर रही है।

## मध्यप्रदेश में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

घटनास्थल जिला मुख्यालय से करीब 40 कि.मी. दूर है। हादसा दोपहर करीब 3.20 बजे का बताया जा रहा है। प्लेन हादसे से करीब 15 मिनट पहले ही बिरसी एयरपोर्ट से उड़ा था। बताया जा रहा है कि एयरक्रॉफ्ट में पायलट मोहित और ट्रेनी पायलट वरसुका थीं।

## जिला घोषित नहीं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विधायक निर्मल कुमावत, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे विद्याधर चौधरी का पुतला फूंका। इस मौके पर प्रमुख रूप से कुलदीप व्यास, अनिल कुमार गट्टानी, डीडी कुमावत, विजय व्यास, हिमांशु व्यास, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सत्यनारायण गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
ऑन-टाइम पेमेंट के साथ
गाड़ी बिकती है
सिर्फ़ TRUE VALUE पर
MARUTI SUZUKI TRUE VALUE
TRUE VALUE CERTIFIED
Bank
फ्री होम इवैल्यूएशन
आसान आर. सी. ट्रांस्फर
अपनी कार बेचने के लिए स्कैन करें
पूछताछ के लिए कॉल करें यहाँ 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.
JAIPUR: PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR, VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR, PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR, KP AUTOMOTIVIES: 9116190342, 9116190346 | B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL, KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR, SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626 | 13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR, KTL: 7412068475, 9209056789.